अविधायक मीणा ने महारैली को दिया समर्थन

बांसवाड़ा । गढ़ी विधायक कैलाश मीणा ने आदिवासी आरक्षण मंच द्वारा आगामी 24 नवंबर को आयोजित की जाने वाली महारैली को अपना समर्थन दिया है। टीएसपी क्षेत्र में कोटे में पृथक कोटा अधीनस्थ सेवाओं में पहले से ही लागू है। महारैली को लेकर हुई बैठक में मंच के केन्द्रीय कमेटी सलाहकार प्रो. कमलकांत कटारा एवं प्रो. मणिलाल गरासिया ने बताया कि 24 नवंबर को जिला मुख्यालय पर निकाली जाने वाली महारैली को सफल बनाने के लिये गांव-गांव संपर्क करते हुए बैठकें की जा रही है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मंच द्वारा जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

वह जनजाति वर्ग के हित में है अगर राज्य सरकार कोटे में कोटा लागू करती है तो टीएसपी क्षेत्र में रहने वाले जनजाति वर्ग के सैकड़ों युवा राज्य प्रशासनिक सेवाओं में जायेंगे। वक्ताओं ने कहा कि लोगों में भ्रान्ति है कि अगर कोटे में कोटा लागू किया जाता है तो जनजाति वर्ग के दोनों समुदायों में विवाद होगा जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। टीएसपी क्षेत्र के युवा एमबीबीएस में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं तो राज्य सरकार ने 12 में से 5.5 प्रतिशत कोटा लागू किया तो आज टीएसपी क्षेत्र के सैकड़ों युवा डॉक्टर बने हैं अब अगर सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार टीएसपी क्षेत्र में कोटे में पृथक कोटा लागू किया जाता है तो यहां के युवा प्रशासनिक अधिकारी भी बन सकेंगे। ऐसे में पृथक कोटा का विरोध नहीं करना चाहिए। टीएसपी क्षेत्र में जनजाति वर्ग को जो 45 प्रतिशत रिजर्वेशन मिला है वह कोटे में कोटा ही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को राज्य में लागू करना चाहिए। इन लोगों ने जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण पर भी खुलकर अपने विचार रखे। बैठक में नवीन खराड़ी, राजेन्द्र, केसर सिंह डामोर, विनोद, राकेश, मोहन, सरपंच मडेला गणेश, राजू राणा, जय गणेश डामोर आदि मौजूद रहे।

विधायक कैलाश मीणा एवं मंच के पदाधिकारियें ने जिला मुख्यालय पर होने वाली महारैली के लिये पोस्टर का विमोचन किया।

असामाजिक तत्वों ने जलाये गल्ले

डूंगरपुर । देवसोमनाथ बस स्टैंड के पास असामाजिक तत्वों ने तीन गल्लों में आग लगा दी। बीती 3 नवम्बर को नरेश अहारी, ईश्वर अहारी एवं अशोक सेवक का गल्ले के अंदर मौजूद सामान आग लगने की वजह से जलकर राख हो गया। असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार उक्त घटनाओं को किये जाने को लेकर श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के कार्यकर्ताओं ने देवसोमनाथ पहुँचकर आक्रोश जताया। प्रदेश संयोजक महेंद्र डांगी धताणा ने कहां कि आदिवासी समाज के छोटे से व्यापारी जो गल्ले से अपना रोजगार करते हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा उनके गल्ले में आग लगाकर उनकी रोजी-रोटी को समाप्त करना किसी बडे अपराध से कम नहीं है। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना सर्वसमाज के छोटे से छोटे व्यापारियों की मुसीबत में हमेशा साथ रहने को कटिबद्ध हैं। कार्रवाई न होने पर सरदार पटेल सेना बडा आंदोलन करेगी। सेना के द्वारा व्यापारियों को छोटी सी आर्थिक सहायता भी की गई। सुनील पटेल नेजपुर ने कहां कि श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना सर्व समाज के लिए खडी हैं। इस दौरान अनिल भचडिया, उपसरपंच कमलेश मनपुर, मुकेश भचडयिा, रामजी पाटीदार जिला सचिव, हीरालाल इंदौडा, सुशील नेजपुर,लालजी इंदौडा मौजूद रहें।

डेंगू से 3 साल की बच्ची की मौत

डूंगरपुर। जिले भर में स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही भगवान भरोसे चल रही है, और चिकित्सा महकमा महज अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नीम हकीमों पर कभी कभार कार्यवाही कर देती है। वही दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर करोडों रूपयों की लागत से मेडिकल कॉलेज का अस्पताल जो कि सनसाधनो से पूर्णतया युक्त है, लेकिन इन संसाधनो को चलाने व जांच के नाम पर महज औपचारिकता हो रही है जिसका खामियाजा जिले की गरीब जनता को भुगतना पड रहा है जहां जांच भी शहर के विभिन्न प्रयोगशालाओ में मोटे दाम देकर करवानी पडती है, वही इनकी जांच पर भी भरोसा कम ही होता है। ऐसे में कई बार तो सक्षम परिवार वर्तमान में चल रहे डेंगू या अन्य रोग के इलाज के लिए गुजरात या राज्य के अन्य जिलो में जाते है। ऐसे में जिले भर में डेंगु का प्रकोप तेजी से फैल रहा है और हर परिवार इससे पीडित है। इसके बावजूद प्रशासन की अनदेखी के कारण चिकित्सालयों में पुख्ता व्यवस्था नहीं है। यही नही गांवो में जांच के लिए लगी मशीने केवल विगत दो सालो से शौ-पीस बनकर रह गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं तो राम भरोसे चल रही है और इसी का परिणाम है कि जिले में डेंगु से अधिकारिक रूप से यह तीसरी मौत है। मंगलवार को डेंगू से 3 साल की बच्ची की मौत का मामला सामने आया जिसमे बच्ची का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था।

सार-समाचार

मंशा चौथ पर सम्पूर्ण वागड अंचल में उद्यापन

डूंगरपुर। घर-परिवार की सुख समृद्धि एवं मनोवांछित फल की कामना को लेकर किया जाने वाला मंशा चौथ का व सम्पूर्ण वागड अंचल में उद्यापन किया गया। मंगलवार को शिवालयों में व्रतधारियों ने विविध धार्मिक अनुष्ठान समादित कर की कथा का श्रवण किया वहीं अपने घरों में देशी घी के मोदक बना उसका भगवान को भोग लगा प्रसाद ग्रहण किया वही अपने रिश्तेदारों व पडौसियों को वितरित किया। श्रावण मास की चतुर्थी को इस व्रत को लेकर व्रतार्थियों की ओर से धागा धारण किया जाता है तथा सोलह मंगलवार तक व्रत करने के बाद कार्तिक मास की चतुर्थी को उसका उद्यापन किया जाता है। मंगलवार अल सुबह स्नान कर नवीन परिधान धारण कर पूजा का थाल सजा शिवालयों में पहुंचे। यहां प्रतार्थियों की ओर गणेश की विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पूजा अर्चना की गई। व्रतधारियों ने नारियल वघेर वहाँ मशाव्रत की कथा का अव किया।

तुलसी विवाह आयोजन की तैयारियां प्रारंभ

डूंगरपुर। सनातन धर्म समिति द्वारा 12 नवंबर को आयोजित होने वाले तुलसी विवाह की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई। कार्यक्रम के आरंभ में समिति अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के सानिध्य में आमंत्रण पत्रिकाएं भगवान श्रीनाथ जी मंदिर, मुरलीधर जी मंदिर और लाभ गणपति जी को अर्पित कर आमंत्रण प्रतिका वितरण का कार्य प्रारंभ किया साथ में समिति के महामंत्री मुकेश श्रीमाल, उपाध्यक्ष भंवरलाल सुथार, प्रवीण गेबीलाल, रमेश वरयानी, पुरुषोत्तम सुथार, कोषाध्यक्ष मुरलीधर शाह, सचिव भूपेश शर्मा, चिराग व्यास उपस्थित रहे।

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 4 दिसम्बर को

डूंगरपुर। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आगामी माह 4 दिसम्बर को जिले में चयनित राजकीय एवं निजि विद्यालयो में आयोजित होना है। इसकी तैयारी हेतु मंगलवार को डाईट में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नवीन प्रकाश जैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डाईट रणछोडलाल डामोर ने बताया कि इस सर्वे में केक्षा 3, 6 व 9 में अध्ययनरत् विद्यार्थियो का हिन्दी, गणित, पर्यावरण व सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषयों में परिक्षण किया जाना है। इस सर्वेक्षण में पिछली दो-तीन कक्षाओं से सम्बन्धित सीखने के प्रतिफल पर आधारित प्रश्न पूछे जाएगें। जिसमें अभ्यास पुस्तिका एव कार्यपत्रक का अभ्यास विशेष मददगार रहेगें।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F.11()Regin-I/2024/439 दिनांक: 4.11.24

आम-सूचना

राजस्व ग्राम सीसारमा के खसरा नम्बर 5488/2765, 2765, 2780 से 2786, 2787, 2789 से 2795, 2871, 5741/2872 एवं न्यास भूमि आराजी संख्या 5426/2765, 2766 से 2769, 2784/5400, 2687/5434, 2868 पार्ट, 3025 पार्ट के स्वीकृत ले-आउट प्लान में स्थित (निर्मित) भूखण्ड संख्या 184 क्षेत्रफल 882'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्रीमती दिलखुश बेगम पत्नी श्री मोहम्मद शरीफ मुसलमान द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत विक्रय पत्र छाया प्रतियां, क्षतिपूर्ति, बंध-पत्र, शपथ पत्र की प्रति आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया है। उक्त (निर्मित) भूखण्ड संख्या 184 आवेदक को श्री नानीया पुत्र श्री रामा गमेती जरिये श्री धर्म सिंह सुवालका पुत्र श्री फतहलाल सुवालका से श्री राधेश्याम पिता श्री कन्हैयालाल दरजी को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.06.1995, श्री राधेश्याम पिता श्री कन्हैयालाल दरजी से श्रीमती दिलखुश बेगम पत्नी श्री मोहम्मद शरीफ मुसलमान को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.06.1995 से प्राप्त हुआ है।

आवेदक द्वारा मूल विक्रय पत्र शृंखला गुम हो जाने से ऑनलाईन गुमसुदगी की रिपोर्ट 12.02.2024 की प्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त (निर्मित) भूखण्ड संख्या 184 क्षेत्रफल 882'-00" वर्गफीट का आवंटन/पट्टा चाहा गया है। अत: उक्त भूखण्ड का पट्टा श्रीमती दिलखुश बेगम पत्नी श्री मोहम्मद शरीफ मुसलमान के नाम करने के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति/एतराज हो तो स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(जितेन्द्र ओझा) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

राजसमंद मे महिला का जीवन बचाया

राजसमंद, । भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की प्रेरणा से आपातकालीन जरूरत पर 4 युवाओं ने रक्तदान किया। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी चेयर मैन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में रक्तदान करो जिन्दगी बचाओ अभियान के तहत रेलमगरा निवासी 27 वर्षीय महिला का हीमोग्लोबिन 3 ग्राम प्रतिशत से भी कम रह गया था, जिसे रेलमगरा चिकित्सालय से रेफर करते हुए सीवियर एनीमिक महिला को तुरन्त रक्त चढ ाने के लिए आरके चिकित्सालय भेजा। रक्त की जरूरत पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के मानद सचिव बृजलाल कुमावत से परिजनों ने सम्पर्क किया। इस पर वाइस चेयरमेन सीपी व्यास के सहयोग से रक्तदाता सुरेंद्र रांकावत, पुष्पेन्द्रसिंह, गगन आदि ने तुरंत आरके चिकित्सालय ब्लड बैंक पहुंच कर 4 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान डॉ एमपी मीणा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, वाइस चेयरमेन सीपी व्यास, नर्सिंग ऑफिसर प्रकाश वैष्णव, तकनीशियन युगल किशोर पालीवाल, दिनेशसिंह, मुकेश कुमावत, दिलीप, समाज सेवी धर्मनारायण पालीवाल, कपिल शर्मा आदि परिजन उपस्थित थे। रक्तदाताओं से अपील

मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते चिकित्सालय में रोगियों की संख्या में बढ ोतरी हुई है, ऐसे में एनीमिक रोगियों को, गर्भवती महिलाओं, थैलीसीमिया आदि रोगियों को रक्त उपलब्ध कराने में स्वैच्छिक रक्तदान करने सामाजिक संगठन एवं युवा रक्तदाता ब्लड बैंक पहुंच कर रोगियों का जीवन बचाने में सहयोगी बने।

ज्ञान पूजा पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

डूंगरपुर। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में चार्तुमास विराजित मुनि रत्नसागर जी एवं पवित्र रत्नसागर जी की निश्रा में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चार्तुमास के दौरान हुआ। इसी के तहत मुनिरत्नसागर जी को 153 वीं वर्धमान तप ओली के सम्पूर्ण होने पर पारणा निमित तीन दिवसीय महोत्सव 7 नवम्बर से 9 नवम्बर तक पूण्य प्रवचन हॉल में आयोजित होगा। संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि मुनिरत्न सागर जी के पारणा निमित गुरूवार को तप वंदनवाली के तहत प्रात: 9 बजे से भाविक मेहता एवं संगीतकार सोमित शाह के सानिध्य में मुनिश्री का पारणा होगा। शुक्रवार 8 नवम्बर को वागड प्रदेश के सम्पूर्ण महिला मण्डलों के तत्वावधान में मेहंदी सांझी भक्ति सध्या दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक संगीतकार आदिति कोठारी के सानिध्य में होग।

पंचाल समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

बांसवाड़ा । पंचाल समाज चोखरा लोहारिया की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह चोखरा लोहारिया का आयोजन गांव आसन में किया। चोखरे के शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी हितेश पंचाल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सामान्य ज्ञान जूनियर में जैनिल लोहारिया व सीनियर मे हंसीका भीमपुर प्रथम, कविता पाठ जूनियर में मुद्रिका सुजाजी का गड़ा व सीनियर वर्ग में मानसी सुंदनी प्रथम रहे। एकल नृत्य प्रतियोगिता में दृषि आसन प्रथम व हिरेन द्वितीय, आशुभाषण में अजय प्रथम, विचित्र वेशभूषा में ठांथ प्रथम, वरेन्य रूजिया द्वितीय स्थान पर रहे। खेलों में शतरंज में डॉ. तन्मय गनोडा प्रथम व द्विज पालोदा, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पालोदा प्रथम व सुंदनी द्वितीय और अमन श्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। रस्सा-कस्सी में सामागड़ा प्रथम व रूजिया द्वितीय रहे, बैडमिंटन में सोमिल बागीदौरा प्रथम व द्वितीय मित पालोदा रहे। वहीं चित्रकला में चहेती प्रथम, ठांथ द्वितीय, महिलाओं की मेहंदी में खुशी प्रथम, वंशिता द्वितीय, रंगोली में एमी-योगिता प्रथम, ऐश्वर्या-चेतना द्वितीय, कुर्सी दौड़ में विजेता प्रथम, भाग्यश्री द्वितीय, चम्मच दौड़ में द्विज प्रथम, समर्थ द्वितीय रहे। सुमित्रा पंचाल, राजेश्वरी, योगिता, भूषण आदि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा शौर्य चक्र के लिये नामित करने पर राजेश पंचाल खमेरा, ज्योतिष राजेंद्र पंचाल सामलिया, श्री त्रिपुर सुंदरी साधना स्त्रोत की रचना करने पर साहित्यकार महेश पंचाल माही गनोड़ा एवं ख्यात वास्तुकार चेतन पंचाल गनोड़ा का विशिष्ट उपलब्धियों पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व शॉल औढ़ाकर सम्मान किया गया। समाज की समस्त अकादमिक प्रतिभाओं जिन्होंने बोर्ड कक्षाओं एवं उच्च शिक्षा श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने, जिला एवं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्काउट, खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर मोमेंटो व अन्य पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। पंचाल समाज चोखरा लोहारिया के अध्यक्ष दिनेश पंचाल लोहारिया की अध्यक्षता एवं केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष कांतिलाल पंचाल डूंगरा छोटा के मुख्य आतिथ्य में दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी ईश्वरलाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्रप्रसाद, कारीलाल, दिनेश बावलवाड़ा, मौजूद रहे।

AU SMALL FINANCE BANK
Registered Office : 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
www.aubank.in

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **11 Nov 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)

BANSWARA - 24660000124704 24660000234757 24660000259930 | **BHILWARA** - 24660000167973 | **CHITTORGARGH** - 24660000201280 24660000213767 24660000354681 24660000862994 | **JAIPUR - QUEENS ROAD** - 24660000181625 24660000234817 24660000263032 24660000284872 24660000298315 24660000895652 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 24660000278624 | **JHALAWAR** - 24660000270138 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 24660000191206 | **KOTA -GHODE WALA CIRCLE** - 24660000167673 24660000185878 24660000202728 24660000206331 24660000218208 24660000263512 | **LAXMANGARH** - 24660000291428 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited

क्लीयर हो चुके चैक को बाउंस करके बैंक ने लगाया चार्ज

भीण्डर। भीण्डर एसबीआई बैंक शाखा के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते खाते में जमा हो चुके चैक को 4 दिन बाद बाउसं करके खाते से चार्ज काट करके उपभोक्ता को रिटर्न कर दिया। लापरवाही की भनक बैंक कर्मचारियों को उपभोक्ता द्वारा अवगत करवाने के बाद पता चला, वहीं उपभोक्ता ने लापरवाही की शिकायत उच्च अधिकारियों को भी की।

खाते में जमा हो चुके चैक को किया रिटर्न भारतीय स्टेट बैंक शाखा भीण्डर में पिछले 8 वर्ष से वातांजय फर्म द्वारा का चालू खाता का व्यावसायिक लेनदेन किया जा रहा है। जिसके तहत 24 अक्टूबर 2024 को एक 50 हजार राशि का चैक जमा करवाया, जो बैंक ऑफ बडौदा शाखा भीण्डर का था। लेकिन चैक जारी करने वाले खाताधारक के खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने से दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को चैक रिटर्न हो गया और उसके चार्ज के रूप में भारतीय स्टेट बैंक ने 177 रूपये खाते से काट दिये। इसके बाद एसबीआई ने 28 अक्टूबर को 50 हजार राशि का चैक मेमो के साथ लौटा दिया। इसके बाद 28 अक्टूबर को पुन: चैक को जमा करवाया, जिस पर बैंक ऑफ बडौदा से चैक क्लियर होकर 29 अक्टूबर को खाते में 5० हजार जमा हो गये। चैक क्लियर होने के 4 दिन बाद 2 नवंबर 2024 को मोबाइल में एसबीआई का मैसेज मिला, जिसमें चैक रिर्टन बताकर 177 रूपये चार्ज काटा जाता है। जिसको लेकर 5 नवंबर को भीण्डर शाखा में संपर्क करने पर शाखा में करीब 50 लोगों के सामने मेमो के साथ बैंक ऑफ बडौदा का 50 हजार का चैक रिटर्न बताकर लौटा दिया। जबकि ये चैक 29 नवंबर को क्लीयर होकर खाते में जमा हो चुका था। भारतीय स्टेट बैंक शाखा भीण्डर के कर्मचारियों द्वारा लापरवाही पूर्वक क्लीयर हो चुके है।

कार सवार से 1.67 लाख रुपए जब्त

डूंगरपुर। चौरासी विधानसभा उपचुनाव के तहत धंबोला थाना पुलिस और एफ एसटी की टीम ने शीथल गांव के पास नाकेबंदी के दौरान सीजर की कार्रवाई की है। पुलिस ने एक कार सवार युवक से 1 लाख 67 हजार 4०० रुपए का कैश जब्त किया है। युवक कैश के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि चौरासी उपचुनाव के तहत पुलिस की ओर से विशेष निगरानी की जा रही है। इसी के तहत धम्बोला थाना पुलिस ओर एफएसटी टीम की ओर से शीथल गांव के पास नाकेबंदी कर वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान सीमलवाडा की तरफ से गुजरात जा रही एक कार को रुकवाया गया।

स्थानांतरण की मांग को लेकर विरोध सभा

डूंगरपुर। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के न्यायपूर्ण स्थानांतरण की मांग को लेकर शहीद स्मारक जयपुर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग के नेतृत्व में विरोध सभा का आयोजन किया गया। विरोध सभा का उद्घाटन अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने किया और संबोधित करते हुए अपना समर्थन दिया।

शर्मा ने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों की मांग न्यायोचित है और कर्मचारी संयुक्त महासंघ इस संघर्ष में शिक्षक संघ शेखावत के संघर्ष के साथ है।

संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग और महामंत्री उपेंद्र शर्मा ने कहा कि बिना किसी उचित कारण के हजारों अध्यापक राजहट के शिकार होकर वर्षों से अपने घरों से सैंकडों किलोमीटर दूर नौकरी करने के लिए अभिशप्त हैं।

बार बार मांग करने, आवाज उठाने और आंदोलन करने के बावजूद भी पिछली कांग्रेस सरकार के पूरे पांच साल के कार्यकाल में और वर्तमान सरकार द्वारा स्थानांतरण की मांग को दरकिनार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को अध्यापकों के स्थानांतरण के लिए मजबूर करने के लिए एक लंबे, सतत, दृढ संकल्पित और व्यापक आंदोलन की रणनीति की रूपरेखा बनाने के लिए आज विरोध सभा आयोजित की गई है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F7(12)PLAN/LANDUSE/2024/1058-1059 दिनांक:5.11.2024

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्वग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1.	दिविज जैन, दयांश जैन पिता श्री गुणवन्त जैन	प्रताप नगर योजना	ब्लॉक-सी	01	914.25 वर्गफीट	आर.टी.ओ. ऑफिस से प्रतापनगर से जाने वाली 200 फीट सड़क पर तिरूपति ट्रेडिंग कम्पनी के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

इंजीनियर पीयूष जावेरिया ने मानद सचिव का पदभार संभाला

उदयपुर।दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), के उदयपुर लोकल सेंटर, द्वारा 'वार्षिक साधारण सभा' का आयोजन किया गया। सभा के आरम्भ में संस्थान के निवर्तमान अध्यक्ष इंजी. सी. पी. जैन ने सभी सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया तथा इंजी. पुरुषोत्तम पालीवाल द्वारा वर्ष 2023-2024 में किये गये कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), के उदयपुर लोकल सेंटर के वर्ष 2024-2026 के लिए इंजी. पुरुषोत्तम पालीवाल ने अध्यक्ष पद एवं इंजी पीयूष जावेरिया ने मानद सचिव का पदभार ठाहण किया साथ ही 2024-2026 के लिए चुनी हुई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर डॉ. जी रंगनाथन, प्रेसिडेंट, दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) एवं इंजी. वी बी सिंह नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा भेजे गये आर्शीवचन एवं शुभकामनाओं के विडियो के माध्यम से सभी सदस्यों को दिखाया गया। साथ ही विभिन्न इंजीनियरिंग संकाय के चुनी हुई कार्यकारी समिति की घोषणा भी की गई जिसमें डॉ अभय कुमार मेहता, इंजी. श्रिया पांचाल, इंजी. जितेंद्र मेनारिया, इंजी. निशा कुमावत, इंजी. राजकुमार सिंह चौहान, (डॉ) अशोक जेतावत, इंजी. गिरीश कुमार जोशी, इंजी प्रकाश सुंदरम, इंजी. गोपी कांत तिवारी इंजी.अजीत कुमार जैन, इंजी. एल टी लोखंडवाला, इंजी. महावीर प्रसाद जैन, इंजी.कृष्ण कांत शर्मा, इंजी लक्ष्मी नारायण कच्छवा,इंजी रमेश चंद्र पुरोहित, इंजी हितांशु कौशल इंजी पवन कुमार जैन निर्वाचित सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर एक तकनीकी वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता सतीष कुमार श्रीमाली, पूर्व अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार ने 'उदयपुर शहर के विकास में स्मार्ट सिटी परियोजना की भूमिका' एवं विश्व मानक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। सतीष कुमार श्रीमाली ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थिरता को बढ़ावा देने और शहरी सेवाओं को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और डेटा चालित समाधानों को एकीकृत करके आधुनिक शहरों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- **इस अवसर पर दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), के उदयपुर लोकल सेंटर के इंजी. पुरुषोत्तम पालीवाल ने अध्यक्ष पद इंजी पीयूष जावेरिया ने मानद सचिव का पदभार ठाहण किया**

980 ग्राम वजनी प्रीमेच्योर बेबी वृन्दा को पीएमसीएच में मिला नया जीवन

उदयपुर, । उदयपुर के बेदल स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में प्रीमेच्योर बेबी वृन्दा की गैस्ट्रिक पफीरेशन की सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया तीन पीढ़ियों में जन्मी पहली बच्ची की इस सर्जरी में बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,ऐनेस्थिशिया विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.कृष्णगोपाल, डॉ.अनिल, विष्णु एवं संजय की टीम का सहयोग रहा।

दरअसल बच्ची की माँ को गर्भावस्था के दौरान हाई बी.पी. की शिकायत के चलते समय से पहले डिलिवरी करानी पड़ी। बेबी वृद्धा का जन्म समय से पूर्व हो गया। जन्म के समय बच्ची का वजन 1.140 ठाम था। बच्ची के कम वजन और समय से पूर्व पैदा होने की वजह से उसे गहन चिकित्सा विभाग (आईसीयू) में रखा हुआ था। पांचवे दिन बच्ची की हालत बहुत ही ज्यादा नाजुक हो गयी। परिजनों बच्ची को तुरन्त भीलवाडा से पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों का बेदला लेकर आए। बच्ची को तुरन्त वेन्टिलेटर पर लेकर जॉच की तो पता वला कि बच्ची की ऑत फट गई है और आमाशय लगभग आधे से ज्यादा सड गया था, जिसका कि ऑपरेशन द्वारा इलाज सम्भव था। ऐसी स्थिति में अगर तुरन्त ऑपरेशन नहीं किया जाए तो कुछ ही घण्टों में मृत्यु हो सकती है।

बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि नवजात शिशु में गैस्ट्रिक पफीरेशन एक दुर्लभ लेकिन जीवन-घातक स्थिति है। यह जन्म के पहले कुछ दिनों में होने की सबसे अधिक संभावना है

ऑपरेशन के बाद लगभग 2 महीने तक बच्ची को वेन्टीलेटर एवं गहन चिकित्सा ईकाई में डॉ.पुनीत जैन,डॉ.सन्नी मालवीय,डॉ.पलक जैन,मनीष एवं कल्पेश की निगरानी में रखा गया। बच्ची अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य है और उसका वजन साढे तीन किलो हो गया और उसे छुट्टी दे दी गई है। बच्ची के परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, सभी चिकित्सकों, मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवम् स्टॉफ का आभार जताया।

भोलेनाथ को लगाया छप्पन भोग

राजसमंद, । जिला मुख्यालय स्थित रामेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर पर देवस्थान विभाग उदयपुर के तत्वाधान में सोमवार को छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया गया। छप्पन भोग महोत्सव के पूर्व राजेश पालीवाल आमेट ने भोलेनाथ के भव्य फूलों का श्रृंगार कर भोलेनाथ की मनमोहक झांकी बनाई गई। समिति अध्यक्ष जगदीश चंद्र लड्ढा ने बताया कि दोपहर 2 बजे से भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ भक्तों ने छप्पन भोग मनोरथ दर्शन का लाभ लिया। संध्या आरती के बाद चुन्नीलाल प्रजापत एवं टीम द्वारा भोले नाथ के भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान कमेठी ट्रस्ट मंडल संरक्षक डूंगरसिंह कर्णावट, संयोजक सत्येंद्र , कोषाध्यक्ष दिलीप , अनिल , शरद लड्ढा, विष्णु धोबी, लक्ष्मी पालीवाल, लक्ष्मीलाल पालीवाल, देवीलाल साहू, विजेंद्र मादरेचा सहित भक्तजन मौजूद थे।

6 बदमाश गिरफ्तार

डूंगरपुर। धम्बोला थाना पुलिस ने दिवाली की रात जोरावरपुरा-पीठ मार्ग पर जीप पर पथराव करने और शराब पीने के लिए रुपए मांगने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सभी बदमाशों से पूछताछ कर रही रही है। धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि 2 नवंबर को ओबरी निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र हनिफ लखारा ने रिपोर्